देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1543 नए केस सामने आने से कोरोना संक्रमितों की संख्या 29,435, मरने वालों की संख्या 937, ठीक हुए 7027

भाजपा महिला मोर्चा कोरोना से जंग में गरीबों के साथ, प्रतिदिन बांट रहे गरीब व जरूरतमंदों के बीच

डीएम के निर्देश पर मोतिहारी में कोरोना पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आए लोगों का सैंपल जांच के लिए भेजा गया, अरेराज व बंजरिया प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन कैमरा से हो रही है निगरानी

अभिनेता इरफान खान की तबीयत अचानक बिगड़ने से मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

WINNER
GROUP OF COMPANIES
आपकी सुविधा हेतु तत्पर...
WINNER CREDIT CO-OPRATIVE SOCIETY LIMITED
(Regd. No.:MSCS/CR/2292/2016)
कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड एवं मान्यता प्राप्त
1.Winner Credit Co-Oprative Society | 2.Winner Pharma (Medicine) | 3.Winner Real Estate | 4.Winner Digital Media | 5.Winner Infrastructures
6.Winner Health & Personal Care | 7.Winner Micro Finance (Proposed) | 8.Winner Film Devision | 9.Winner Lakshya Business (Direct Selling Company)
REGD. OFFICE : WINNER HOUSE, C-24, SECTOR-12 NOIDA-201301 U.P.
Contact No. : +91 8210595830, E-mail:- info@winnergroup.org, Website: www.winnergroup.org

NEWS TODAY Update
newstodayupdate.in
युवराज
न्यूज़ टुडे
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़
रजि० कार्यालय :
अष्ठाना निवास,
मठिया जिरात,
मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
9471005272
email: newstodaymth@gmail.com
website : newstodayupdate.in
वर्ष : 06 अंक : 07+27 तिथि : 28 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1543 नए केस सामने आने से कोरोना संक्रमितों की संख्या 29,435, मरने वालों की संख्या 937, ठीक हुए 7027

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1543 नए केस सामने आए हैं। देश में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 29,435 हो गई है, जिसमें से 684 संक्रमितों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है।

देश में कोरोना मामलों का रिकवरी दर 23.3 फीसद है जो कि एक प्रगतिशील वृद्धि है। वहीं, हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में कोरोना वायरस (कोविड–19) के 304 मामले सामने आ गए हैं। इनमें 14 इटालियन नागरिक शामिल हैं। अब तक 218 मरीज ठीक हो गए हैं और तीन लोगों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1594 नए मामले सामने आए हैं और 51 लोगों की मौत हुई है। देशभर में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या तीस हजार के करीब 29,974 हो गई है, जिसमें से 22010 एक्टिव केस हैं और 7027 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है। देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या 937 हो गई है।

डीएम के निर्देश पर मोतिहारी में कोरोना पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आए लोगों का सैंपल जांच के लिए भेजा गया, अरेराज व बंजरिया प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन कैमरा से हो रही है निगरानी

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

पूर्वी चंपारण मोतिहारी जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है. जिला प्रशासन ने कोरोना पॉजिटिव मरीज के संपर्क में आने वाले सभी लोगों का सैंपल जांच के लिए लेने का निर्देश दिया है. लोगों का सैंपल लेने के बाद उसे क्वॉरेंटाइन किया जाएगा.

गौरतलब है कि पूर्वी चंपारण में मिले चारों कोरोना संक्रमित के संपर्क में आए 34 लोगों को किया गया चिंहित, सभी का लिया गया सैंपल. अभीतक जिले के कुल 377 लोगों का लिया जा चुका है सैंपल. जिसमें 343 का रिपोर्ट आ गया है। चार मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है.

बता दें कि जिले के बंजरिया प्रखंड के जटवा गांव से तीन और अरेराज नगर पंचायत क्षेत्र से एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है. जटवा गांव और अरेराज नगर पंचायत क्षेत्र को सील कर दिया गया है. साथ ही मजिस्ट्रेट के अलावा पुलिस बल की तैनाती की गई है.

डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत और एसपी नवीन चंद्र झा कोरोना पॉजिटिव मरीज के गांव निरीक्षण के लिए पहुंचे. जहां उन लोगों ने कोविड–19 के मरीज मिलने के बाद की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और कई निर्देश दिए.

लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील

इस मौके पर डीएम कपिल अशोक शीर्षत ने आम लोगों से लॉकडाउन, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और मास्क पहनने की अपील की. इसके अलावे उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं, उसके तीन किलोमीटर के परिधि को कंटेंमेंट जोन घोषित किया गया है. उस क्षेत्र में किसी तरह की सामाजिक गतिविधियां बंद रहेगी और सभी घरों को सेनेटाईज्ड किया जाएगा.लोगों के जरुरत की चीज प्रशासन उपलब्ध कराएगी.

कंटेंमेंट और बफर जोन में बांटा गया कोरोना मरीज मिलने वाले क्षेत्रों को

इसके अलावे जिलाधिकारी श्री शीर्षत ने बताया कि जिस क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं, उसके तीन किलोमीटर के परिधि को कंटेंमेंट जोन और सात किलोमीटर की परिधि को बफर जोन घोषित किया गया है. वहीं, जटवा गांव के कंटेंमेंट और बफर जोन में आठ जगहों पर बैरियर लगाकर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है. जबकि अरेराज नगर पंचायत क्षेत्र के कंटेंमेंट और बफर जोन में 12 जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. उधर अरेराज व बंजरिया प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन कैमरा से किया जा रहा है सतत निगरानी. बाहर निकलने पर होंगी महामारी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज. पहले से निर्गत सभी पासों को निरस्त कर दिया गया है.

खुद के परिवार की चिंता किए बिना
देश के नाम अपना जीवन समर्पित कर चुके ऐसे 'कोरोना योद्धाओं' को पूरे देश का सलाम
NEWS TODAY
न्यूज़ टुडे परिवार
www.newstodayupdate.in

भाजपा महिला मोर्चा कोरोना से जंग में गरीबों के साथ, प्रतिदिन बांट रहे गरीब व जरूरतमंदों के बीच मास्क

रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

पूर्वी चंपारण मोतिहारी में कोरोना महामारी को लेकर एक ओर जहां गरीब वर्ग के लोगों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कोरोना से जंग में भाजपा महिला मोर्चा गरीबों को सहयोग करते हुए हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। उक्त बातें भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीना मिश्रा ने कही।

उन्होंने बताया कि मोर्चा के सक्रिय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा मास्क का निर्माण कर वितरण किया जा रहा है। 28 मार्च से बिना किसी प्रचार के प्रतिदिन 100 मास्क का वितरण महिला मोर्चा द्वारा किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष श्रीमती मिश्रा के साथ पुतुल मिश्रा, प्रतिमा देवी, ऋतु वर्मा, बिंदु देवी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। महिला मोर्चा इस अभियान को लॉक डाउन की अवधि तक चलाने को संकल्पित है।

सांसद मोतिहारी, चौयरमैन रेलवे स्टैंडिंग कमिटी सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह सहित जिलाध्यक्ष भाजपा प्रकाश आस्थाना एवं जिला महामंत्री डॉ. लालबाबू प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी,भाजपा गुलरेज शहजाद एवं मार्तण्ड नारायण सिंह ने महिला मोर्चा के इस कार्य के लिए मोचा की जिलाध्यक्ष सहित सभी सहयोगी कार्यकर्ता बहनों को बधाई दी है।

डीएम व एसपी ने एसडीओ सदर के साथ बलुआ सब्जी बाजार का किया निरीक्षण

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

सम्राट, संवाददाता

डीएम कपिल अशोक शीर्षत व एसपी नवीन चन्द्र झा ने आज सोमवार की शाम मोतिहारी बलुआ स्थित सब्जी बाजार पहुंच कर सोशल डिस्टेंसिंग की पड़ताल की। इस दौरान डीएम ने एसडीओ सदर प्रियरंजन राजू को बाजार को कही और शिफ्ट करने या दुकानदारों को दूरी बना कर बैठाने का निर्देश दिया। कहा कि भले ही दुकानदारों की लाइन कितनी भी लंबी हो जाए पर दो दुकानों के बीच के फासले को ध्यान में रखी जाए।
इस दौरान कई वाहनों का जांच किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना आवश्यकता के किसी की आवाजाही नहीं होने दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 28 अप्रैल से दोपहर 3 बजे तक ही दुकाने खुलेगी। इसके बाद वाहनों का परिचालन भी पूर्णतः बन्द कर दिया जाएगा।
पुलिस दृ प्रशासन ने सोमवार से ही सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जांच के क्रम में दो पुलिस का लोगों लगे बाइकों को रोका गया और उन्हें कड़ी फटकार लगाई गई। इसके अलावे डीएएम एसपी ने स्वयं कुछ चारपहिया वाहनों का पास चेक किया।

अभिनेता इरफान खान की तबीयत अचानक बिगड़ने से मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

अभिनेता इरफान खान की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है. इरफान मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं. हाल ही में इरफान खान की मां सईदा बेगम का जयपुर में निधन हो गया था. वह 95 साल की थीं. खबरों के मुताबिक इरफान खान देश में लॉकडाउन के चलते अपनी मां के अंतिम दर्शन करने जयपुर नहीं पहुंच पाये थे. लॉकडाउन में घर से दूर होने के कारण एक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए मां के अंतिम दर्शन किए थे.

बता दें कि अभिनेता इरफान खान भी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे हैं. साल 2017 जून में इरफान काम बीच में ही छोड़कर इलाज कराने के लिए विदेश चले गए थे. इरफान ने सोशल मीडिया के माध्यम से बीमारी की जानकारी दी थी. वह सोशल मीडिया पर ही अपनी तबीयत से जुड़े अपडेट फैंस को देते रहते हैं. पिछले साल विदेश से घर लौटने के बाद उन्होंने अपनी फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' की शूटिंग पूरी की थी.

लंदन में न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर का उपचार कराने के बाद अभिनेता इरफान खान फरवरी माह में देश लौटे थे. मुंबई मिरर को दिये एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा था,' मेरे लिए ये दौर रोलर–कोस्टर राइड जैसा रहा है. हम थोड़ा रोये और बहुत ज्यादा हंसे. मैं बहुत ही भयंकर बेचैनी से गुजरा। लेकिन कहीं न कहीं मैंने उसे कंट्रोल कर लिया. मैंने बेटों के साथ बहुत सारा वक्त बिताया. उन्हें बढ़ते देखा. सुतापा (पत्नी) के बारे में क्या कहूं? वो हमेशा मेरे साथ खड़ी रही. अगर मुझे जीने का मौका मिलेगा, मैं उसके लिए जीना चाहूंगा। मैं अभी तक हूं, इसकी वो एक बड़ी वजह है.'

बता दें कि, पिछले साल विदेश से घर लौटने के बाद उन्होंने अपनी फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' की शूटिंग पूरी की थी. फिल्म कोरोना वायरस के चलते बड़े पर्दे पर लंबे समय तक नहीं टिक पाई. फिल्म को बाद में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया है. फिल्म में इरफान के अलावा दीपक डोबरियाल, करीना कपूर, डिंपल कपाड़िया और राधिका मदान ने मुख्य भूमिका निभाई है.
गौरतलब है कि, राजस्थान के मूल निवासी, इरफान खान ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में अध्ययन किया . वह 80 के दशक में मुंबई आ थे और उन्होंने 'चाणक्य', बनेगी अपनी बात, भारत एक खोज और चंद्रकांता जैसे टीवी शो से शुरुआत की. उन्होंने 1988 में मीरा नायर की फिल्म 'सलाम बॉम्बे' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था. उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन 'मकबूल', 'लाइफ इन ए मेट्रो' और 'पान सिंह तोमर' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया.

गृह मंत्रालय के एक ही सूचना पर तीन गाइडलाइन्स जारीकरने से न केवल लोगों में बल्कि प्रसाशन में भी भ्रम की स्थिति, सोशल साइट्स भी अफवाहों को जबरदस्त तरीके से उछाल रहे है लोग

आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे

NEWS TODAY
www.newstodayupdate.in

बीते दिनों गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया गया एक नोटिस आमलोगों में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। दरअसल 25 अप्रैल को गृह मंत्रालय ने एक नोटिस जारी किया था जिसमें कुछ सूचनाएं आयी। लोग अभी उस सूचना के माध्यम से खुद को तैयार कर रहे थे उसके कुछ घंटो बाद ही दूसरी सूचना आयी जो पहले वाली गाइडलाइन्स में कुछ फेर बदल के साथ आई थी। एक ही सूचना पर तीन गाइडलाइन्स जारी की गई। जिससे न केवल लोगों में बल्कि प्रसाशन में भी भ्रम की स्थिति हो गयी। इसके अलावा सूचना के अलग अलग माध्यमो ने एक ही सूचना को कई तरीके से प्रकाशित किया है। उक्त बातें भारत सरकार के संयुक्त सचिव सह बापूधाम ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रकाश पाठक ने बयान जारी कर कही।

श्री पाठक ने कहा कि सोशल साइट्स भी अफवाहों को जबरदस्त तरीके से उछाल रहे है। इसके अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की अलग अलग गाइडलाइन्स भी लोगो के लिए दुविधा का कारण बने हुए है। उन्होंने कहा कि अब इस उहापोह की स्थिति में बाबू धाम ट्रस्ट के युवा कार्यकर्ताओ ने एक तरकीब निकाली है। कार्यकर्ता लोगों को सरकार द्वारा जारी सूचनाओं को लोगों तक आसान भाषा मे पहुँचा रहे है। इसके अलावा लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे है।

सोशल साइट्स पर अफवाहों को फैलने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं अपने नौजवान साथियों से आह्वान करता हूँ कि वो समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करें और अफवाहों से बचने में उनकी मदद करे। इसके अलावा खुद भी किसी भी तरह की खबर को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करे। हमको कोरोना से लड़ कर जीतना है और इस समय सबको साथ आ कर सरकार का सहयोग करना है। बाबू धाम ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं का मैं आभारी हूँ और उनसे भी आग्रह है कि सुरक्षित रहे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830